आसनसोल
दुर्गापुर
रानीगंज
पुरुलिया

बर्दवान/शिल्पांचल
卐 ।। श्री हरिः ।। 卐
# सन्मार्ग
नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

बंगाल से प्रकाशित पूर्वी भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
गुरुवार
बर्दवान
3 दिसम्बर 2020
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष तृतीया 3, विक्रम संवत् 2077
वर्ष 3, अंक 120, पूर्णांक 835
मूल्य 5.00 रु., कुल पेज 12
www.sanmarg.in




पुरुलिया के पाड़ा में भाजपा द्वारा आयोजित जुलूस में शामिल सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो

## अपना बंगाल


पुरुलिया में शिविर में आए लोगों से जानकारी लेते डीएम अभिजीत मुखोपाध्याय

# डीपीएस आसनसोल के पीवीसी को महाराष्ट्र सरकार ने किया सम्मानित

**आसनसोल :** वैश्विक महामारी कोविड–19 के दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्रो-वाइस चेयरमैन तथा प्रमुख समाजसेवी रमेश प्रसाद गोयनका ने कोरोना संक्रमण के कारण हुई तालाबन्दी के दौरान बेरोजगार हुए प्रवासी मजदूरों, कामगारों तथा असहाय लोगों के भोजन तथा अन्य आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति की व्यवस्था कर देश, समाज एवं मानवता के प्रति अपने कर्तव्य का बखूबी निर्वहन कर एक मिसाल पेश की है। उन्होंने तीन महीने से भी अधिक अवधि तक पंद्रह सौ से अधिक जरूरतमन्द लोगों के लिए तीनों समय के शुद्ध व पोषक भोजन की व्यवस्था कर इस मुश्किल घड़ी में मदद का बीड़ा उठाया। इसके अलावा गरीब मजदूरों की बस्तियों में घर-घर जाकर और जरूरतमंद लोगों के लिए शुद्ध पेयजल तथा भोजन के पैकेट भी वितरित किए।




महाराष्ट्र सरकार ने संकट काल में किये गये कार्यों की सराहना की है। उनके इस कार्य के लिए महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कोरोना योद्धाओं हेतु आयोजित सम्मान समारोह में रमेश प्रसाद गोयन के इस अनुकरणीय कार्य के लिए उन्हें प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया है। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने संकट के समय आगे बढ़कर जरूरतमंदों की सहायता कर समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। वहीं दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्राचार्य आरडी शर्मा ने रमेश प्रसाद गोयनका को प्रशस्तिपत्र मिलने पर बधाई दी। इस संबंध में उन्होंने कहा कि यह समस्त विद्यालय परिवार के लिए गौरव के क्षण हैं।

विद्यार्थियों को इस अनुकरणीय कृत्य से प्रेरणा लेकर अपने कर्म पथ पर आगे बढ़कर राष्ट्र एवं मानव सेवा का व्रत लेना चाहिए।